**विधान परिषद् के प्रथम सत्र-2023 के द्वितीय शुक्रवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-21 का उत्तर।**

---

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 21 (क) क्या जल शक्ति मंत्री बतायेंगे कि जनपद-उन्नाव के ब्लाक-नवाबगंज, ग्राम सभा-मिर्जापुर में स्थापित पानी की टंकी से जलापूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है ? | जनपद उन्नाव के विकास खण्ड नवाबगंज के ग्रामसभा मिर्जापुर में 'मिर्जापुर ग्राम समूह पेयजल योजना' का निर्माण वर्ष 1997-98 में कराया गया था, जिसकी डिजाइन अवधि पूर्ण हो चुकी है। वर्तमान में उक्त पेयजल योजना की पाइप लाइन एवं नलकूप क्षतिग्रस्त होने के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित है। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त पानी की टंकी की जलापूर्ति से कितनी ग्रामसभाओं को लाभ प्राप्त हो रहा है ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) क्या उक्त पानी की टंकी के जलापूर्ति के अन्तर्गत ग्रामसभा कपूर खेड़ा भी आता है ? | जी हॉ। |
| (घ) यदि हॉ, तो उक्त ग्रामसभा में कितने घरों में पानी की सप्लाई की जा रही है ? | मिर्जापुर ग्राम समूह पेयजल योजना 40 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के आधार पर 15 वर्ष के लिए डिजाइन की गयी थी, जिसकी डिजाइन अवधि पूर्ण हो चुकी है। |
| (ड.) यदि नहीं, तो कब से उक्त ग्रामसभा में पानी की सप्लाई बन्द है ? | माह अप्रैल, 2018 से पेयजल आपूर्ति बाधित है। |
| (च) उक्त ग्राम सभा में कब तक पानी की सप्लाई चालू करायेंगे ? | ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद उन्नाव के समस्त ग्रामों को सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना में सम्मिलित करते हुये वर्ष 2024 तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराया जाना लक्षित है। |
| (छ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

स्वतंत्र देव सिंह
मंत्री
जल शक्ति,
(सिंचाई एवं जल संसाधन, सिंचाई (यांत्रिक), बाढ़ नियंत्रण, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लघु सिंचाई एवं परती भूमि विकास विभाग)।